# तीन दिन की रिमांड पर रहेगा असलम चमड़ा

## एसआईटी गौमांस तस्करी के मामले में करेगी पूछताछ

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 22 जनवरी. गौमांस तस्करी के आरोपी असलम कुरैशी उर्फ चमड़ा और वाहन चालक को एसआईटी ने गुरुवार को तीन दिनों की रिमांड पर लिया है. चमड़ा और उसके सहयोगी से पूरे मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है. दोनों ही आरोपियों को एसआईटी ने कोर्ट के आदेश पर 25 जनवरी तक रिमांड पर लिया है.**

सामने आई जानकारी के मुताबिक एसआईटी की टीम दोनों आरोपियों मांस तस्करी गिरोह की पूरी चैन और उनके अन्य सहयोगियों को लेकर पूछताछ कर रही है. गौमांस कहां से लाया जाता था और कहां भेजा जाता था. यह सभी सवालों के जवाब अब असलम चमड़ा और उसका चालक एसआईटी को देगा. इसके साथ ही गोमांस को भैंसे का मांस बताने वाले डॉक्टर को भी पुलिस नोटिस जारी कर सकती है.

दोनों आरोपियों को लेकर एसआईटी के अधिकारियों का मानना है कि पूछताछ के दौरान इस अवैध नेटवर्क और प्रतिबंधित मांस की आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते हैं. बता दें कि 17 दिसंबर को पुलिस मुख्यालय के सामने एक ट्रक पकड़ी गई थी, जिसमें 26 टन गोमांस मिलने की जानकारी सामने आई. पुलिस ने मौके पर ही गौमांस से भरे ट्रक के ड्राइवर गिरफ्तार किया था और फिर असलम चमड़ा



की गिरफ्तारी की गई. गठित की गई एसआईटी अपनी जांच के दौरान भोपाल नगर निगम के बूचड़खाने के भीतर गोवंश के वध को लेकर यह जानकारी जुटा रही है कि अगर यहां गौवंश का वध नहीं हो रहा था तो फिर वहां से निकलने वाले पैकेटों में प्रतिबंधित मांस कैसे सामने आया. इसके साथ ही प्रतिबंधित मांस को कहीं बाहर से लाकर इस केंद्र पर केवल पैकेजिंग की जा रही थी क्या, अगर ऐसा है, तो वह अवैध वध स्थल कहां है और इस पूरे मामले में कितने लोग शामिल थे. इसके साथ ही असलम की फर्म 'लाइव स्टॉक प्राइवेट लिमिटेड' के कार्य बल के सभी कर्मचारियों के नाम और उनके काम का साक्ष्य भी जुटाया जा रहा है. पुलिस कमिश्नर ने इस मामले में जांच के लिए एसआईटी का गठन किया. एसीपी उमेश तिवारी की अगुवाई में अन्य पुलिस विभाग के अधिकारी मामले की तहकीकात करने में जुटे हैं. एसआईटी की टीम अब जल्द ही पुलिस कमिश्नर को जांच रिपोर्ट में भेजेगी.

**निगम आयुक्त ने प्रशासन को लिखा पत्र**

गौकशी मामले को लेकर निगम आयुक्त ने पत्र जारी किया है, जो नगरीय प्रशासन आयुक्त के लिए भेजा गया है. इसमें जांच कमेटी गठित कर निष्पक्ष जांच करने का आग्रह किया है. परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने निगम आयुक्त को मामले की जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिए थे. वहीं नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने कहा कि मामला बहुत गंभीर है. पत्र लिखकर सिर्फ औपचारिकता की जा रही है. हमारा सवाल है महापौर परिषद पर कार्रवाई कब होगी. महापौर से इस्तीफा कब लिया जाएगा.



# अस्पताल की व्यवस्था सुधारने के निर्देश

▸ **रेलवे अस्पताल का अफसरों ने किया निरीक्षण**

**भोपाल, 22 जनवरी. रेलवे के अधिकारियों ने गुरुवार को निशातपुरा स्थित रेलवे अस्पताल का औचक निरीक्षण किया, जिसमें कुछ कमियां पाई गई, जिन्हें व्यवस्थित करने के निर्देश दिए. रेलवे अस्पताल की समस्याओं को लेकर अधिकारियों को पूर्व में शिकायतें मिल रही थीं.**

वहीं वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने भी मांग की थी, निरीक्षण के दौरान अस्पताल में प्राइवेट रूम की कमी, निर्माणाधीन किचिन में चिमनी एवं अन्य आधुनिक सुविधा, गैस प्लांट की समस्या, महिला ड्रेसर का नहीं होना, फीडिंग रूम, रनिंग स्टाफ को सिक ना देना, आईओडी से कर्मचारी का वंचित करना और दवाई के इंतजार में लंबी लाइन होना जैसी समस्या पाई गई.

अधिकारियों इन खामियों को दूर करने के निर्देश दिए. कमेटी में एडीआरएम अभिराम खेर, सीनियर डीएफएएम विजय सिंह, सीएमएस रचना श्रीवास्तव शमिल थे.

## बैंककर्मियों ने मोबाइल की टॉर्च जलाकर जताया विरोध

**भोपाल, 22 जनवरी.** बैंकों में 5 डे वीक वर्किंग यानी, पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग को लेकर अब बैंककर्मी हड़ताल पर जाएंगे. 27 जनवरी को एक दिवसीय हड़ताल होगी.

फिर भी मांग नहीं मानी गई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू होगी. इससे पहले गुरुवार शाम को अरेरा हिल्स में बैंककर्मी इकट्ठा हुए. उन्होंने मोबाइल की टॉर्च जलाकर विरोध जताया. गुरुवार को यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन का आह्वान किया था. इसके चलते ही फोरम की स्थानीय भोपाल इकाई के आह्वान पर बैंक कर्मचारी और अधिकारियों ने प्रदर्शन किया.

# पेड़ों को बचाने के लिए कर्मचारी एकजुट

## नाप तौल परिसर में खाद्य भवन निर्माण का विरोध शुरू

**भोपाल, 22 जनवरी. नाप तौल विभाग मुख्यालय परिसर में नवीन भवन निर्माण का विरोध शुरू हो गया है, जो विभाग के कर्मचारियों ने किया. नवीन भवन की निर्माण से हरे पेड़ों की कटाई होगी.**

मध्य प्रदेश नापतौल अधिकारी कर्मचारी संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने बताया कि नाप तौल परिसर में खाद्य भवन बनाने 64 करोड़ रुपए खर्च किया जा रहा है, जिसका टेंडर जारी हुआ है. यहां लगभग 150 बड़े-बड़े पेड़ काटे जाएंगे. इसी को लेकर पूरे प्रदेश में अधिकारी कर्मचारियों ने काली



पट्टी लगाकर कार्य किया. वहीं मुख्यालय परिसर में लगे हुए पेड़ों को बचाने के लिए कर्मचारियों ने पेड़ों से चिपककर भवन के प्रस्ताव को रद्द करने मुख्यमंत्री, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री एवं विभाग की अपर मुख्य सचिव,नियंत्रक से मांग की है.

# पैरोल पर बाहर आया फरार अपराधी गिरफ्तार

**14** साल से चल रहा था फरार

**15** हजार का इनामी था आरोपी

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 22 जनवरी. निशातपुरा थाना पुलिस ने 14 साल से पैरोल पर बाहर आए फरार अपराधी को गुजरात से गिरफ्तार किया है. आजीवन कारावास की सजा काट रहे अपराधी से पुलिस की पूछताछ फिलहाल जारी है. उस पर पुलिस विभाग की तरफ से 15 हजार का इनाम भी घोषित**



**किया गया था.**

मिली जानकारी के मुताबिक कारवास में सजा काट रहे फरार आरोपी उमेश चंद्र मौर्या (54) निवासी करोद को भगवती नगर सिंगरवा अहमदाबाद गुजरात से गिरफ्तार किया है. आरोपी के बारे में पुख्ता जानकारी मिलने के बाद पुलिस की एक टीम को अहमदाबाद भेजा गया, जहां से उमेश को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तारी वारंटी पेरोल पर रिहा होकर वर्ष 2012 से फरार हो गया था, जिससे फरारी के दौरान उसका ठिकाना कहां- कहां रहा है और किन लोगों ने उसकी मदद की. इस सबंध में पूछताछ की जा रही है.

आरोपी ने अब तक की पुलिस पूछताछ में बताया कि वह फरारी के दौरान साल 2012 से 2016 तक वह मुंबई में था और एक कोरियर कंपनी में काम करता था. इसके बाद वह साल 2016 में अहमदाबाद पहुंच गया और घनी आबादी वाले इलाके में रहने लगा. अहमदाबाद वह फेरी लगाकर सामान बेचने का काम करता था. आरोपी ने पूछताछ पर भोपाल में रहने वाले एक एडवोकेट के नाम का भी जिक्र किया है, जिसने फरारी के दौरान उसकी आर्थिक रूप से मदद भी की थी.


# ट्रेन में चोरी करने वाले दो आरोपी धराए

▸ **ज्वेलरी खरीदने वाला दुकानदार भी गिरफ्तार**

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 22 जनवरी. जीआरपी ने चलती ट्रेन में पर्स के अंदर जेवरात सहित सामान की चोरी करने वाले दो नाबालिग आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है. चोरी के जेवरात खरीदने वाले दुकान संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया. जीआरपी ने तीन लाख से अधिक की कीमत का सामान जब्त किया है.**

मिली जानकारी के मुताबिक बीते 14 दिसंबर को रनिंग ट्रेन नं.



18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्स के कोच ए /1 में महिला यात्री सीमा गंगराडे (51) निवासी खंडवा अपने पति के साथ यात्रा कर रही थी. रात्रि यात्रा के दौरान जब वह सोई थी और ट्रेन के रानी कमलापति स्टेशन से चलने के बाद एक अज्ञात बदमाश ने नींद का फायदा उठाकर उनके सिरहाने पर रखे एक लेडीज पर्स चोरी कर लिया. 20 हजार रुपये की कीमत के पर्स के अंदर सोने की एक ब्रेसलेट और 4 क्वाइंस, एक आईफोन, बैंक की लाकर की चाबी,नगदी 6 हजार रूपये, महंगी हाथ घड़ी सहित अन्य सामान चोरी होने पर फरियादा ने इंदौर थाना जीआरपी में रिपोर्ट दर्ज कराई. घटना की जांच करते हुए जीआरपी थाना पुलिस ने एक 17 वर्षीय नाबालिग आरोपी से पूछताछ की. नाबालिग ने वारदात करने की बात स्वीकार की. चोरी का सामान खरीदने वाले ज्वेलरी शाप के दुकानदार शाहिदुल इस्लाम निवासी शाजापुर के खिलाफ भी कार्रवाई की गई.

# हॉस्टल में छात्रा ने की सुसाइड

## गांधी नगर थाने की पुलिस जांच में जुटी

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 22 जनवरी. गांधी नगर में स्थित आरजीपीवी के गर्ल्स हॉस्टल में एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को उतारा. मर्ग कायम कर पुलिस जांच में जुटी है.**

सव्याश्री मुनागला (19) बीटेक प्रथम वर्ष की छात्रा थी. वह धार जिले की रहवासी थी और कम्प्यूटर साइंस एण्ड बिजनेस सिस्टम की पढ़ाई कर रही थी. बुधवार को रात का खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में गई. गुरुवार की सुबह जब सव्याश्री के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो साथी छात्राओं ने आवाज लगाई. बहुत कोशिशों के बाद भी जब दरवाजा अंदर से नहीं खोला गया तो हॉस्टल के स्टाफ को बुलाया गया. मशक्त के बाद अंदर पहुंच हास्टल के स्टाफ ने सव्याश्री को फंदे पर लटकते देखा. लोगों ने तुरंत ही इसकी सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने शव को उतारा. सव्याश्री के परिजनों की उपस्थिति में शव का पीएम कराया जाएगा.

# अस्थाई कर्मचारियों ने किया सत्याग्रह आंदोलन

**भोपाल, 22 जनवरी. स्थाई कर्मी दैनिक वेतन भोगी एवं अंशकालीन कर्मचारियों द्वारा पांच सूत्रीय मांगों को गुरुवार प्रांतव्यापी सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया गया, जिसमें कर्मचारी विरोधी आदेश को तत्काल वापस लेने स्थाई कर्मियों को सातवां वेतनमान का लाभ देने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने अंशकालीन कर्मचारियों को कलेक्टर दर का वेतन देने की मांग रखी गई है.**

धरने पर बैठी महिला कर्मियों का कहना है कि सरकार उच्च न्यायालय के आदेश पारित होने के



बावजूद भी मांगों को मंजूर नहीं कर रही है. इस सत्याग्रह आन्दोलन में अस्थाई महिला कर्मचारी प्रमिला धुर्वे, शोभा धुर्वे, जयवंती उईके, बबली बेल, रेशमा यूने, पायल धड़से, फूललों मसकोले, प्रमति याने, दुर्गा आदि प्रमुख रूप से बैठी.

# 15 ईवी स्वीपिंग मशीनें बढ़ेंगी

▸ **स्वच्छ भोपाल मिशन अभियान को मिलेगी गति**

**भोपाल, 22 जनवरी. राजधानी को प्रदूषन मुक्त अभियान के तहत नगर निगम 15 ईवी स्वीपिंग मशीनें खरीदने जा रहा है. इन मशीनों की लागत करोड़ों में हागी, जिसके लिए जल्द ही टेंडर जारी किए जाएंगे.**

शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त रखने के लिए नगर निगम कार्य कर रही है, क्योंकि राजधानी में वाहनों के साथ ही सड़कों पर धूल की वजह से भी बहुत प्रदूषण हो रहा है, जिसके कम करने और स्वच्छता को नवीन तकनीकी से कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके लिए नगर निगम प्रशासन 15 इलेक्ट्रीक स्वीपिंग मशीन खरीदने की तैयारी कर ली है. जो बैटरी से संचालित होगी. इन मशीनों में कचरा भरने के लिए एक टंकी लगी हुई है, जो एक छोटी कचरा ढोने वाली मशीन के बराबर होगी. सड़कों से कचरा साफ करेगी और स्वयं भरेगी. इससे शहर में प्रदूषण में कमी होने की संभावना है. यह दो प्रकार की मशीन होंगी. एक छोटी जो बाजार की गलियों में आसानी से कार्य कर सके. दूसरी बड़ी है जो मुख्य मार्गो पर कार्य करेंगी. छोटी मशीन का मूल्य लगभग 50 लाख और बड़ी 1 करोड़ होने की संभावना है.

# चोरी की वारदात का आरोपी गिरफ्तार

▸ **पुलिस ने बरामद किया 8 लाख का सामान**

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 22 जनवरी. शाहजहांनाबाद थाना पुलिस ने सूने मकान में चोरी की वारदात करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने मौके पर लाखो रूपये के जेवरात बरामद किया.**

मिली जानकारी के मुताबिक बीते 15 जनवरी को फरियादी मोहम्मद राजा (47) निवासी नियामतपुरा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी. राजा ने पुलिस को बताया था कि 14 जनवरी की



शाम को उनका पूरा परिवार एक शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया था. देर रात वापस आने पर घर के अंदर पूरा सामान बिखरा मिला. आलमार में रखी सोने
चांदी की ज्वेलरी और नगदी भी गायब मिला.

पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तहकीकात शुरू की. इस दौरान संदेही आरोपी की पहचान कर पुलिस ने उससे पूछताछ की. आरोपी मोहम्मद अमन (28) निवासी टीलाजमालपुरा ने पुलिस के सामने चोरी की वारदात को स्वीकार किया. पुलिस ने उसके पास से 8 लाख रुपये का चोरी का सामान और 1400 रुपये नकदी बरामद किया.

# नाबालिग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल.** टीटी नगर थाना इलाके में एक नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस कारणों का पता लगाने में जुटी है. मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. मिली जानकारी के मुताबिक किशन मानकर (17) निवासी सेंकेड स्टॉप ने अपने घर में ही फांसी का फंदा लगाकर कर खुदकुशी कर ली. परिजनों ने किशन को फंदे पर लटकते देखा तो जेपी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. टीटी नगर थाना पुलिस ने शव का पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया. मर्ग कायम कर पुलिस जांच कर रही है.


**सार्वजनिक सूचना**

मैं नूरुल हुदा पिता मौलाना अब्दुल लतीफ निवासी म.न. 22 इतवारा रोड, सिटी कोतवाली, हुजूर भोपाल मप्र का होकर कथन करता हूं कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड सहित समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम नुरुल हुदा (NURUL HUDA) पिता मौलाना अब्दुल लतीफ (MOULANA ABDUL LATIF) है परंतु मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश मोहम्मद नूरुल हुदा (MOHAMMED NURUL HUDA) हो गया है मेरा वास्तविक नाम नुरुल हुदा (NURUL HUD) है मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाता है यह दोनों नाम मेरे ही है एक ही व्यक्ति के हैं यह की सार्वजनिक सूचना प्रकाशित है।

भवदीय
नूरुल हुदा पिता मौलाना अब्दुल लतीफ निवासी म.न. 22, इतवारा रोड, सिटी कोतवाली, हुजूर, भोपाल

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीहोर म.प्र.**
जिला अदालत रोड सीहोर म.प्र.
मोबिलिटी सपोर्ट

**वर्ष 2026-27 में जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में मोबिलिटी वाहन उपलब्ध कराने के लिए ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

टेंडर नं. 01/2026

**निविदा प्रक्रिया विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा का प्रकार | वर्ष 2026-27 में मोबिलिटी वाहन उपलब्ध कराने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं. |
| 2. | निविदा दस्तावेज ऑनलाइन क्रय हेतु उपलब्धता | शासकीय निविदा प्रपत्र मूल्य राशि 1000/- (एक हजार रुपए) है, जो ई-टेंडर http://mptenders.gov.in पर देय होगा. कोई समस्या आने पर ई-टेंडर के हेल्प लाइन नंबर 0755-4096219 पर सम्पर्क करें. |
| 3. | ऑनलाइन निविदा जारी करने की दिनांक एवं समय | दिनांक 23/1/2026 समय दोपहर 11 बजे से |
| 4. | ऑनलाइन निविदा क्रय करने की दिनांक एवं समय | दिनांक 23/1/2026 समय 12 बजे से |
| 5. | ऑनलाइन निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक एवं समय | दिनांक 5/2/2026 समय शाम 4 बजे तक |
| 6. | ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | दिनांक 5/2/2026 समय शाम 6 बजे तक |
| 7. | तकनीकी निविदा ऑनलाइन खोले जाने की दिनांक एवं समय | दिनांक 9/2/2026 समय दोपहर 12 बजे |
| 8. | वित्तीय निविदा ऑनलाइन खोले जाने की दिनांक एवं समय | निविदा समिति निर्णय अनुसार |

(डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सीहोर म.प्र.

G24796/25

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं, कविता कश्यप मेरे विवाह पूर्व मेरा नाम कल्पना सैनी था अतः मेरा विवाह प्रमोद कश्यप से होने के पश्चात मेरा नाम कविता कश्यप (Kavita Kashyap) हो गया है । अतः राजपत्र में प्रकाशन उपरांत मुझे मेरा नया नाम कविता कश्यप (Kavita Kashyap) के नाम से सभी शासकीय / अशासकीय दस्तावेजों में लिखा पढ़ा एवं दर्ज किया जाए । निवासी : मकान नं. डी-11/61, पुलिस लाईन नेहरू नगर भोपाल म.प्र.

**नाम परिवर्तन**

मेरा पूर्व का नाम JEETENDRA KUMAR DIXIT था उसे मैंने परिवर्तित कर अपना नवीन नाम JEETENDRA DIXIT कर लिया है अतः मुझे JEETENDRA DIXIT के नाम से जाना व पहचाना जाए । पता Gram Gularkhedi, Gulaganj Vidisha M.P.


**व्यवस्था** | पायलट प्रोजेक्ट के तहत पहली बार प्रारंभ होगी व्यवस्था

# एमपी बोर्ड परीक्षा में सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

▸ **3856 परीक्षा केंद्रों में से 226 संवेदनशील केंद्र चयनित**

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 22 जनवरी. माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश ने हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए पहली बार सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था लागू करने का फैसला किया है.**

यह व्यवस्था पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की जा रही है, जिसका उद्देश्य नकल,



पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं पर रोक लगाना है. राज्यभर में कुल 3856 परीक्षा केंद्रों में से 226 संवेदनशील केंद्रों को सीसीटीवी निगरानी के लिए चयनित किया गया है. इन केंद्रों की लाइव फीड सीधे भोपाल स्थित बोर्ड मुख्यालय में देखी जाएगी. इसके साथ ही जिला कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी भी अपने क्षेत्र के केंद्रों की निगरानी कर सकेंगे. बोर्ड द्वारा गठित उड़नदस्ते अभी भी औचक निरीक्षण करते रहेंगे, लेकिन वे किसी केंद्र पर सीमित समय तक ही रुक सकते हैं. सीसीटीवी के जरिए पूरे परीक्षा समय लगातार निगरानी संभव होगी, जिससे व्यवस्था और मजबूत होगी. एमपी बोर्ड की परीक्षाएं फरवरी के दूसरे सप्ताह से शुरू होंगी. कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 7 फरवरी से 5 मार्च तक और कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 11 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित की जाएंगी.

**इनका कहना है**

निगरानी की जानकारी मात्र से ही नकल जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगने की संभावना रहती है. सीसीटीवी व्यवस्था से फर्जी शिकायतों और अफवाहों में भी कमी आएगी. इस वर्ष के अनुभव के आधार पर अगले साल और अधिक केंद्रों को इस प्रणाली से जोड़ा जाएगा.

**भूपेश गुप्ता,** जनसंपर्क अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मंडल, मप्र